राष्ट्रीय आवास बैंक
नई दिल्ली

13 अप्रैल, 2021

प्रेस विज्ञप्ति

रा.आ.बैंक द्वारा विशेष पुनर्वित्त सुविधा (एसआरएफ 2021) का आरंभ

कोविड-19 के उपरांत, आवास वित्त क्षेत्र में वित्त वर्ष 2020-21 की दूसरी तिमाही से संस्वीकृतियां एवं संवितरण में तेजी से सुधार देखने को मिल रहा है। विगत वर्ष मई-अगस्त, 2020 के दौरान, राष्ट्रीय आवास बैंक (रा.आ.बैंक) ने विशेष पुनर्वित्त सुविधा (एसआरएफ) एवं अतिरिक्त विशेष पुनर्वित्त सुविधा (एएसआरएफ) के अंतर्गत 14,000 करोड़ रूपये का पुनर्वित्त समर्थन प्रदान किया था। एक वर्ष हेतु यह अल्पकालिक चलनिधि समर्थन माननीय वित्त मंत्री द्वारा घोषित आत्म निर्भार भारत अभियान के अंतर्गत भारतीय रिज़र्व बैंक (भा.रि.बैंक) द्वारा राष्ट्रीय आवास बैंक को रेपो दर पर उपलब्ध कराई गई विशेष चलनिधि सुविधा का हिस्सा थी।

01 अप्रैल, 2020 से 31 मार्च, 2021 की अवधि के दौरान, राष्ट्रीय आवास बैंक ने भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा प्रदान की गई एसआरएफ एवं एएसआरएफ सहित अपनी विभिन्न पुनर्वित्त योजनाओं के तहत प्राथमिक ऋणदाता संस्थानों (पीएलाई) जिसमें आवास वित्त कंपनियां (आ.वि.कं.), क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आरआरबी) के साथ अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक, लघु वित्त बैंक (एसएफबी) शामिल थे को पुनर्वित्त के रूप में 42,823.93 करोड़ रूपये की राशि प्रदान की है।

भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति के लक्ष्यानुसार, आरंभिक वृद्धि दर को और बढ़ाने एवं विकास दर को बरकरार रखने के क्रम में भारतीय रिजर्व बैंक ने विशेष चलनिधि सुविधा-2 (एसएलएफ-2) के तहत नये समर्थन के रूप में राष्ट्रीय आवास बैंक को एक साल के लिए आवासीय क्षेत्र को समर्थन देने के लिए 10,000 करोड़ रूपये दिये है।

तदनुसार, रा.आ.बैंक ने **विशेष पुनर्वित्त सुविधा - 2021 (एसआरएफ-2021)** का आरंभ किया है। एसआरएफ 2021 का उद्देश्य, लचीले नियमों एवं शर्तों पर आ.वि.कं. तथा अन्य पात्र पीएलआई को अल्पकालिक पुनर्वित्त सहायता प्रदान करना है। इस योजना के अंतर्गत आबंटित कुल राशि 10,000 करोड़ रुपये होगी।

इस सुविधा से यह अपेक्षित है कि इसके माध्यम से प्राथमिक ऋणदाता संस्थानों की अल्पकालिक चलनिधि आवश्यकताएं पूरी होंगी तथा इसके माध्यम से उन्हें, उनके द्वारा वैयक्तिकों को दिये जाने वाले ऋण हेतु भी सहायता प्राप्त होगी जिससे कि आवास वित्त क्षेत्र में निरंतर वृद्धि बरकरार रखी जा सकेगी।

अतिरिक्त जानकारी राष्ट्रीय आवास बैंक की वेबसाइट www.nhb.org.in पर उपलब्ध है।